हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 28 दिसंबर 2023

04 पैसा नहीं पूर्व छात्रों का समय, उनका कौशल और अनुभव...



07 सिरोंज ब्लॉक के 17 सहरिया आबादी बस्तियों के...





## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2780 | 4001 |
| गेहूं 1544 | 2240 | 2950 |
| चना | 4900 | 5640 |
| मसूर | 5000 | 5889 |
| सोयाबीन | 3200 | 4720 |
| सरसों | 4800 | 5750 |
| धान | 2000 | 4190 |
| मूंग | 6800 | 6800 |
| तेवड़ा | 4305 | 4305 |
| वटरा | 3800 | 3800 |
| मक्का | 2000 | 2000 |

## झूठी शिकायत की धौंस देकर व्यापारियों में फोकट में लेता है सामान, एसपी से शिकायत

**विदिशा।** बुधवार को ग्यारसपुर के व्यापारियों ने एसपी से रामदयाल कोरी की शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि रामदयाल कोरी हर वार चुनाव लड़ता है। इस बार विदिशा विधानसभा से भी चुनाव लड़ा था। वह दुकानदारों से मुफ्त में सामान ले जाते हैं। न देने पर गाली.गलौज करता है और एससी एसटी एक्ट के तहत झूठी शिकायत करने की धमकी दी जाती है। व्यापारी अध्यक्ष आदेश जैन के अनुसार करीब 30 से 40 व्यापारियों की झूठी शिकायत की जा चुकी है।

# सीएमओ और सांसद प्रतिनिधि पहुंचे मुक्तिधाम, जल्द शुरू होगा काम, 15 दिन से सफाई अभियान चला रही अंगद सेना समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

शहर के एक मात्र मुक्तिधाम की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए अंगद सेना समिति द्वारा पिछले 15 दिनों से सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

बुधवार को नपाध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा, नगरपालिका सीएमओ धीरज शर्मा के साथ मुक्तिधाम पहुंचे। जहां उन्होंने स्थिति देखी और सुधार की आवश्यकता महसूस करते हुए निर्णय लिया है की जल्द ही मुक्तिधाम में सुधार कार्य कराया जाएगा। अंतिम संस्कार स्थल के ऊपर टीनशेड् टूटे पड़े हैं जिन्हे जल्द दुरुस्त कराया जाएगा।



विदिशा। मुक्तिधाम पहुंचकर सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने सीएमओ को दिए आवश्यक निर्देश।

### खाली पड़ी जमीन का भी सदुपयोग किया जाएगा

मुक्तिधाम में लकड़ियां रखने के लिए भी शेड का निर्माण होगा। लंबे समय से इस शेड़ की मांग की जा रही थी। सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने बताया की मुक्तिधाम में खाली पड़ी जमीन का भी सदुपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया की गैस आधारित शवदाह ग्रह का निर्माण नगरपालिका द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्य पूरा होते ही इसे जल्द शुरू कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कचिया मसान की जगह को भी व्यवस्थित करने की मांग अंगद सेना समिति के पदाधिकारियों द्वारा की गई। नपा सीएमओ धीरज शर्मा ने बताया की इस जगह को भी दुरुस्त कराया जाएगा।

### 50 ट्रॉली मिट्टी हटाने श्रमदान कर रही समिति

समाजसेवी संजय प्रजापति ने बताया की मुक्तिधाम और नदी के बीच करीब 50 ट्रॉली मिट्टी और गंदगी जमा हो चुकी है। पिछले 15 दिनों से इसे साफ करने के लिए प्रतिदिन दो घंटे अंगद सेना के कार्यकर्ता श्रमदान कर रहे हैं। मिट्टी के नीचे से घाट निकले रहे हैं। यहां पत्थरों के वोल्टर बिछे हुए हैं। लेकिन मिट्टी इतनी अधिक मात्र में जमा हो चुकी हैं की श्रमदानियों को इसे हटाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फिर भी टीम डटी हुई है।

## खबर संक्षेप

### हिंदू चेतना सेवा समिति के मंडल की बैठक हुई

**विदिशा।** हिंदू चेतना सेवा समिति के रामलीला मंडल की बैठक वैशाली नगर में हुई। जिसमें मंडल का गठन किया गया। अध्यक्ष गौतम शर्मा, उपाध्यक्ष संजय शर्मा, राम साहू, दीपक सेन, ओमप्रकाश दीक्षित, मनोज शर्मा, महामंत्री डॉ गौरव शर्मा, मंत्री शिवकुमार शर्मा, विकास साहू, शेखर ठाकुर, कैलाश पंथी, कोषाध्यक्ष विनोद रैकवार को बनाया गया है।

### प्रतियोगिता आयोजित कर सुशासन दिवस मनाया

**विदिशा।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल सुनपुरा में सार्थक फाउंडेशन की ओर से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं 3 उपविजेता को ट्रॉफी,मेडल एवं प्रमाण पत्र दिए गए। मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री बलवीर रघुवंशी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित, विद्यालय प्राचार्य प्रेमनारायण सेन एवं सभी स्कूली शिक्षक उपस्थित रहे। वहीं सार्थक फाऊंडेशन से राजेंद्र यादव, यश ठाकुर, महेंद्र नामदेव, विवेक राठौर, आकांक्षा तोमर एवं सभी वालंटियर उपस्थित रहे।

### पीएम ने हितग्राहियों से संवाद किया

**विदिशा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वेबलिंक के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रमों में लाभांवित हितग्राहियों से संवाद किया है। कलेक्टेट के बेतवा सभागार कक्ष में इस दौरान विदिशा विधायक मुकेश टंडन सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा प्रभारी कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### जैन कॉलेज में महर्षि वाल्मीकि क्रिकेट ट्रॉफी सीजन 2 की शुरुआत

**विदिशा।** महर्षि वाल्मीकि क्रिकेट ट्रॉफी के दूसरे सीज़न की शुरुआत जैन कॉलेज ग्राउंड पर की गई। मप्र के साथ साथ प्रदेश के बाहर की भी टीम शामिल हुई हैं। सोलह टीम मुकाबले में शामिल हुई हैं। विजेता टीम को 31000 रुपए का नगद पुरस्कार रखा गया है। आयोजन समिति के प्रमुख दिनेश करोशिया ने बताया कि वाल्मीकि समाज खेलों के क्षेत्र में भी आगे है।

### जिला शिक्षाधिकारी जीपी राठी ने लटेरी के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया

# जीरापुर सरकारी स्कूल का शिक्षक निलंबित छात्रों को पढ़ाने भाड़े पर रखा था कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सरकारी स्कूलों की स्थिति जनने बुधवार को जिला शिक्षाधिकारी जीपी राठी ने लटेरी क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक शिक्षक को निलंबित करने का आदेश जारी किया गया है तो वहीं अनुपस्थित पाए गए अन्य शिक्षक व भृत्य का वेतन काटने का आदेश जारी किया गया है।

शासकीय प्राथमिक शाला इंदिरा आवास जीरापुर का संकुल प्राचार्य द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान संस्था में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक के अनुपस्थित पाए जाने तथा स्कूल में पढ़ाने के लिए भाड़े पर कर्मचारी रखने पर जिला शिक्षा अधिकारी जीपी राठी ने प्राथमिक शिक्षक खिलान सिंह जाटव को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। प्राथमिक शिक्षक खिलान सिंह जाटव को विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय लटेरी नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

### अनुपस्थित शिक्षकों और भृत्य का वेतन काटने का निर्देश





विदिशा। लटेरी क्षेत्र के स्कूलों में पहुंचकर जिला शिक्षाधिकारी ने शिक्षा की गुणवत्ता के स्तर को परखा।

संकुल प्राचार्य सतपाड़ा हाट एवं जन शिक्षा केन्द्र नटेरन के जन शिक्षकों द्वारा विगत दिनों शासकीय प्राथमिक शाला इंदिरा आवास जीरापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के समय संस्था के प्रभारी शिक्षक खिलान सिंह जाटव प्राथमिक शिक्षक संस्था से बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित थे। स्कूल में शिव जैन नाम का एक मौजूद था। उनके द्वारा बताया गया कि वह संस्था खोलता है। संस्था के प्रभारी प्रधानाध्यापक खिलानसिंह जाटव द्वारा रखा गया है। जांच में पाया गया है कि उक्त व्यक्ति न तो नियमित शिक्षक है और न ही अतिथि शिक्षक है। इस प्रकार अनाधिकृत रूप से अवैधानिक काम करने पर शासकीय प्राथमिक शाला इंदिरा आवास जीरापुर के प्राथमिक शिक्षक खिलानसिंह जाटव के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है।

### मुरारिया में प्राथमिक शिक्षक व विज्ञान सहायक अनुपस्थिति

जिला शिक्षा अधिकारी जीपी राठी ने लटेरी विकासखंड के सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आनंदपुर, मुरारिया और शहरखेड़ा में पहुंचकर विद्यालय व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के समय शासकीय उमावि मुरारिया में प्राथमिक शिक्षक नेहा धाकड़ एवं विज्ञान सहायक सौरभ राजपूत अनुपस्थित पाए गए। इसी प्रकार शासकीय उमावि शहरखेड़ा में भृत्य सीमा यादव अनुपस्थित पाई गईं। अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अनपुस्थित दिवस का वेतन कांटने के निर्देश आहरण संवितरण अधिकारी अधिकारी लटेरी को दिए हैं।

### अभ्यर्थियों के व्यय का लेखा परीक्षण 29 को

**विदिशा।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी शशि मिश्रा ने बताया कि अभ्यर्थियों के व्यय लेखा परीक्षण की तिथि में संशोधन किया गया है। अब यह बैठक शुक्रवार 29 दिसम्बर की दोपहर 12 बजे से कलेक्टेट के बेतवा सभागार में आयोजित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मिश्रा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले की सभी पांचो विधानसभाओं के 46 अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्यय का समिति के सदस्यों द्वारा अंतिम परीक्षण परिवर्तित तिथि अनुसार अब 29 दिसम्बर को किया जाएगा। उन्होंने संबंधित रिटर्निंग आफीसरों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों को समुचित व्यय दस्तावेजो के साथ समिति के समक्ष स्वंय या प्रतिनिधियों के माध्यम से उपस्थित होने से अवगत कराने के लिए ताकिद किया है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा की आईईसी वैन आठ ग्रामों में पहुंचेगी

**विदिशा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत विदिशा जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्धारित रूट चार्ट अनुसार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिले को उपलब्ध कराए गए आईईसी वैन जनपद पंचायत वार प्रतिदिन दो-दो ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा का जारी रूटचार्ट कार्यक्रम अनुसार गुरूवार 28 दिसम्बर को जिन विकासखंडों के ग्रामों में आईईसी वैन पहुंचेगी। शेडयूल अनुसार बासौदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत उदयरपुर, भाटनी, मढिया सेमरा और पबई बासौदा तथा कुरवाई जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत माला एवं विसनपुर, विदिशा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत में कोलिंजा एवं अमऊखेड़ी शामिल हैं।

## परिवार गया कथा सुनने, सूने घर में चोरी

**बरेली।** नगर के वार्ड क्रमांक 4 लक्ष्मीनाथ कॉलोनी में निवास करने वाले गौरीशंकर चौहान का परिवार दूसरे गांव में कथा सुनने गया तो उनके घर को चोरों ने निशाना बना दिया। दरवाजे का कुंदा तोड़कर चोर भीतर घुसे। अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर के साथ लगभग ढाई लाख रुपए नगदी चोरी कर ले गए। पड़ोसी ने फोन कर गौरीशंकर को दरवाजे का ताला टूटने की सूचना दी। चोरी के मामले में पुलिस द्वारा अज्ञात के विरूद्ध चोरी का प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ और विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस अज्ञात चोरों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है। नगर में पूर्व में अनेक बड़ी चोरियां हुई, जिनका पुलिस अभी तक पता नहीं लगा पाई है।

**लाखों के जेवर, नकदी चोरी कर ले गए चोर**

## चुनावी रंजिश में मारपीट 12 आरोपी को सजा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मारपीट करने वाले आरोपियों को 1 साल व 6 माह के कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायालय निशा रघुवंशीने मारपीट करने वाले आरोपी राजेश मीणा, वीरेन्द्र मीणा, ओमप्रकाश सिंह मीणा, जितेन्द्र मीणा, अर्जुन सिंह मीणा, जसवंतसिंह मीणा, शैलेन्द्र मीणा, रंजीत सिंह मीणा, त्रिलोक मीणा, जयवर्धन मीणा, गौरव मीणा, दीपेन्द्र मीणा निवासी मढ़िया खुर्द को सजा सुनाई है। क्त प्रकरण में पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी गार्गी झा द्वारा की गई।

6 नवंबर 2016 को दोपहर 3 बजे फरियादी सुगना खेड़ी स्कूल से नहर चुनाव के बाद घर आया था। वह अर्जुन सिंह के विरोध में चुनाव लड़ा था। जिसमें वह हार गया था। घर पर वह एवं उसके भाई चाय पी रहे थे। तभी आरोपी एक राय होकर डंडा लेकर आए और गालियां देकर बोले की हमारे खिलाफ चुनाव लड़ा है तेरी इतनी हिम्मत हो गई।

फरियादी एवं उसके बड़े भाई की गाड़ी में ईंट डंडा मारकर कांच तोड़ दिए। उसके बाद राजेश मीणा, ओमप्रकाश मीणा, वीरेन्द्र मीणा उसके घर में घुस गए और राजेश ने डंडा मारा जो उसे एवं उसके बड़े भाई को लगा। आरोपी कह रहे थे कि अबकी बच गया आइंदा जान से खत्म कर देंगे। फरियादी द्वारा उक्त घटना की रिपोर्ट थाना करारिया में लेखबद्ध की गई। पुलिस द्वारा प्रकरण विवेचना में लिया गया तथा विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया।

### जिले के 262 गांवों के लिए नोडल अधिकारी

**विदिशा।** पीएम जनमन मिशन के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों के बेनिफेशियरी सैचुरेशन के लिए जिले में विशेष केम्पों का आयोजन किया जाएगा। पीएम जनमन मिशन प्रदेश के 18 जिलों में लागू किया गया है। जिसमें विदिशा जिला भी शामिल है। विदिशा जिले के छह विकासखंडों के 262 गांव में निवासरत सहरिया विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लिए बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ.साथ स्वरोजगारमुखी की ओर अग्रसर करने हेतु विशेष पहल की जा रही है। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव के द्वारा जिले की सहरिया बाहुल्य गांवों में मिशन अंतर्गत जिले के 262 गांव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इसी प्रकार जनपद, जिला पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

## विदिशा के सुनील गोस्वामी बने मिस्टर मस्कुलर





**विदिशा।** देवास में आयोजित मिस्टर मप्र बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में विदिशा के 11 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सुनील गोस्वामी ने अपने वजन भार वर्ग के साथ मिस्टर मस्कुलर मप्र का खिताब अपने नाम किया। साथ ही उदयसिंह चौहान ने 55-60 वजन वर्ग में प्रथम स्थान, बल्लू तिवारी ने 85-90 भार वर्ग में द्वितीय स्थान एवं प्रियेश शर्मा ने 75- 80 भार वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विदिशा टीम की इस उपलब्धि पर जिला बॉडीबिल्डिंग संघ अध्यक्ष अंशुल चौरसिया, सचिव पंकज भार्गव एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा खिलाड़ियों को शुभकामनाओं के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की।

## प्रत्येक खेत तक पानी पहुंचाने का प्रयास रहेगा योजना बनाई जा रही: विधायक मुकेश टंडन

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुलाबगंज

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत लखंगार एवं घोंसुआ में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए।

विधायक मुकेश टंडन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश की गरीब जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, हमारे बीच में मोदी की गारंटी का रथ आया है जो पूरे विधानसभा क्षेत्र में घूम रहा है। केंद्र सरकार ने विगत वर्षों से जनता के हित में जो काम किए हैं इसी को लेकर देश भर में विकसित भारत यात्रा निकाली जा रही है। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान भाजपा नेता जगदीश दांगी, भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी सचिन यादव, श्यामवीर सिंह राजपूत, सरपंच बलवीर दांगी,



रामसेवक दांगी, अजयसिंह दांगी, रामसेवक दांगी, मेहरबानसिंह दांगी, श्रीराम दांगी, अशोक दांगी, राजू अहिरवार, गलराजसिंह दांगी, अरविंद दांगी, कमल चिड़ार, संजीव दांगी, मुंशीलाल प्रजापति इत्यादि कार्यकर्ता एवं जनपद सीईओ जितेंद्र जैन के अलावा समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी और सरपंच सचिव आदि मौजूद रहे।

## गढ़कुंडार नरेश महाराजा खेतसिंह की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती के मौके पर समाजजनों ने बायपास रोड स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस कार्यक्रम के दौरान विदिशा जिलेवार से क्षत्रिय खंगार समाज के समाजजन और पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि रूप में विदिशा विधायक मुकेश टंडन, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा शामिल हुए।

अतिथियों द्वारा खगर समाज की कुलदेवी मां गजानन की तस्वीर पर तिलक लगाकर दीप प्रजुलत कर माल्यार्पण किया गया और महाराजा खेतसिंह खंगार की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। समाज के अध्यक्ष गप्पू सिंह परिहार ने अतिथियों का तिलक लगाकर



फूल मालाओं द्वारा स्वागत किया। खेत सिंह खंगार 12वीं 13वीं शताब्दी के भारत के खंगार राजवंश के एक राजा थे। उन्होंने गढ़कुंडार को राजधानी बनाई थी। जयंती कार्यक्रम में गप्पू सिंह परिहार, रघुवीर सिंह परिहार पटवारी, देवी सिंह परिहार, प्रेम सिंह परिहार, राजेंद्र राय, प्रीतम सिंह परिहार, अशोक सिंह परिहार, महेश परिहार, बबलू परिहार, शिव परिहार, लक्ष्मी नारायण परिहार, ग्यारसी लाल परिहार, राजेश परिहार, मानसिंह परिहार, भगत सिंह परिहार, अभिषेक परिहार, अभिनव राय, दातार सिंह परिहार, आदि समाज बंधु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित थे।

### 12 वर्ष की उम्र में गाय को बचाने शेर से भिड़े

वक्ताओं ने कहा की महाराज खेत सिंह का जन्म 27 दिसंबर 1140 ईस्वी में हुआ था। महाराजा खेत सिंह ने 12 वर्ष की आयु में एक गाय को बचाने शेर से भिड़ गये थे। दिल्ली के सम्राट पृथ्वीराज चौहान ने जब बुंदेलखंड पर आक्रमण किया था तब पृथ्वीराज चौहान की सेना का नेतृत्व उनके मित्र खेत सिंह खंगार कर रहे थे। सन 1882 ईस्वी में गढ़ कुंडार पर विजय प्राप्त करने के बाद सम्राट पृथ्वीराज चौहान ने अपने मित्र खेत सिंह खंगार का राज्याभिषेक कर सौंप दिया था। महाराजा खेत सिंह खंगार एक स्वयंवर में पहुंचे और वहां पर एक शिला को अपनी 62 किलो की तलवार से एक ही बार में शिला के दो भाग कर दिए और स्वयंवर जीत लिया था। महाराजा खेत सिंह खंगार ने कई युद्ध जीते थे। गढ़कुंडार किला मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले में स्थित है। जहां मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रतिवर्ष 27 दिसंबर से 29 दिसंबर तक बड़ी धूमधाम से महोत्सव मनाया जाता है।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2560
उच्चतम भाव-3940
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2250
उच्चतम भाव-3390
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-2450
चना
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-5650
मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-6070
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-4801
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3710
उच्चतम भाव-4900
सरसों
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-5600
उड़द
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-7330
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-4251
तुअर
न्यूनतम भाव-7210
उच्चतम भाव-7210
ज्वार
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-7000
अलसी
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-3200
धना
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-5600
बटरी
न्यूनतम भाव-4110
उच्चतम भाव-4810

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 19811 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### अखंड रामायण पाठ शुरू

**गंजबासौदा।** समीपस्थ ग्राम स्यारी में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर अखंड रामायण पाठ शुरू किया गया है। ग्राम के प्रहलाद सिंह ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर में भगवान राम की प्रतिमा स्थापित होने तक गांव के मंदिर में ग्रामीणों ने अखंड रामायण पाठ आरंभ कर दिया है। जिसमें प्रतिदिन ग्राम के अलग अलग परिवारों की ओर से रामायण पाठ का आयोजन कराया जा रहा है।

### मिश्रीबाई का निधन

**गंजबासौदा।** किशोर सिंह रघुवंशी (सचिव ) एवं अजय सिंह रघुवंशी (RSS) गमाकर वालों की माताजी एवं शैलेंद्र ,रिंकु ,अंकित , अंशुल की दादी मिश्री बाई रघुवंशी का बुधवार को देवलोकगमन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार 28 दिसंबर गुरुवार को सुबह 10 बजे ग्राम गमाकर में किया जाएगा। क्षेत्रवासियों ने मिश्रीबाई के निधन पर शोक व्यक्त कर दुःखी परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

## यातायात पुलिस यहां भी ध्यान दे



### यह तो हद है अनदेखी की

**गंजबासौदा।** नगर में यातायात व्यवस्थाएं अब दिन पर दिन बिगड़ती ही जा रही है। दुकानदारों द्वारा दुकान के आगे ट्रैक्टर आदि खड़े करके सामान भरवाने का तो सिलसिला पुराना है लेकिन बुधवार को तो हद ही हो गई। रेलवे स्टेशन रोड से जयस्तंभ की ओर जाने वाले मार्ग पर एक दुकानदार ने तो सीधा और रोड साइड ट्रैक्टर खड़ा करवाकर सामान लोड करवाना शुरू कर दिया। जिसके चलते ट्रैफिक जाम हो गया। लेकिन इसकी अनदेखी करते हुए दुकानदार और वाहन मालिक दोनों ही जब तक पूरा सामान ट्रैक्टर में लोड नहीं हुआ जब तक ट्रैक्टर को ऐसे ही खड़े रहने दिया।

## सर्दी से बचाव के लिए वेदांत आश्रम में किए गर्म कपड़े वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में आश्रम के विद्यार्थियों को गर्म कपड़े वितरित किए गए। समाजसेवी डॉक्टर एसएस भार्गव द्वारा ठंड से बचाव के लिए 70 विद्यार्थियों को गर्म कपड़े वितरित किए गए हैं। डॉक्टर एसएस भार्गव द्वारा प्रत्येक महीने आश्रम में शिविर लगाकर यहां के विद्यार्थियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाता है। इस मौके पर वेदांत आश्रम के स्वामी हरिहर दास महाराज सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी गण मौजूद थे।

### नवांकुर विद्यापीठ में हुआ छात्र-शिक्षक मिलन कार्यक्रम का आयोजन

# पैसा नहीं पूर्व छात्रों का समय, उनका कौशल और अनुभव चाहिए : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इस संस्था से पढ़कर निकले विद्यार्थी अब अपने अपने क्षेत्र में पूरे कौशल के साथ कार्यरत हैं और अपने क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। हमें इन विद्यार्थियों से विद्यालय के लिए धन नहीं चाहिए, बल्कि उनका कौशल, समय और अनुभव चाहिए, ताकि विद्यालय और यहां की शैक्षणिक व्यवस्थाओं को और भी बेहतर बनाया जा सके।

उक्त बात छात्र शिक्षक सम्मेलन में नवांकुर विद्यापीठ के प्राचार्य शैलेन्द्र दीक्षित ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उल्लेखनीय है कि नगर की प्रमुख शैक्षणिक संस्था नवांकुर विद्यापीठ के वर्ष 1997 के दसवीं के बैच के विद्यार्थियों ने 26 वर्ष बाद छात्र शिक्षक मिलन कार्यक्रम डॉल्फिन के सभागार में आयोजित किया था। जिसमें 26 वर्ष बाद मिले छात्र छात्राओं ने अपने स्कूली दिनों को याद किया और अपने संस्मरण साझा किए। इसी के साथ अपने शिक्षक शिक्षिकाओं का आभार प्रकट करते हुए उनका सम्मान किया। साथ ही विद्यालय के परिचारिक परिवार का भी सम्मान किया गया।




कार्यक्रम की शुरूआत में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। जिसके बाद मां सरस्वती की पूजन अर्चन एवं डॉल्फिन के प्राचार्य स्व रमेश शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के आरंभ में कपिल कुशवाह ने स्वागत गीत से सभी का स्वागत किया। इसके बाद मंच पर आए आशीष रघुवंशी ने एक शानदार कविता सुनाते हुए सभी को स्कूली दिनों की याद दिला दी। नीतू जैन, चांदनी जैन , रामश्री रघुवंशी, अजय दुबे आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। परिचय सत्र के दौरान सभी विद्यार्थियों ने अपना अपना नाम, काम, धाम यानि निवास बताया। साथ ही यह भी जानकारी दी कि वे विद्यालय को अपने कौशल, समय या अनुभव में से क्या दे सकते हैं।

इस कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के गांवों में रह रहे पूर्व छात्र, छात्राएं ही नहीं, बल्कि विदिशा, भोपाल, जबलपुर, गुना, दमोह, बरेली, सिरोंज, झांसी, ग्वालियर, बैंगलोर, पुणे, के अलावा स्वीडन सहित विदेशो में रह रहे विद्यार्थी भी शामिल हुए। इस दौरान नवांकुर के पूर्व छात्र और वर्तमान में शिक्षक महेश शर्मा का भी सम्मान किया गया। महेश प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को निःशुल्क कोचिंग देते हैं और उनकी कोचिंग से दर्जनों युवा सफलता पा चुके हैं। वहीं पूर्व विद्यार्थियों के बच्चों ने भी कार्यक्रम के दौरान रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। इस दौरान शिक्षकों ने भावुक होते हुए अपने संस्मरण साझा किए और विद्यार्थियों के लिए उज्जवल जीवन की कामना की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से स्नेह भोज का आनंद लिया। संचालन नेहा शर्मा, पूनम शर्मा, अजय दुबे ने किया।

### शिविर में हुआ 226 नेत्र रोगियों का परीक्षण



**गंजबासौदा।** सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से मिल रोड पर स्थित विजन सेंटर पर नेत्र शिविर लगाया गया। यह शिविर स्वर्गीय पुरूषोत्तम निमदेवकर की पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में लगाया गया। जिसमें डॉक्टर राजकरण वर्मा ने लगभग 226 मरीजों के नेत्र परीक्षण किए। वहीं सहयोगियों ने भी रक्त परीक्षण शुगर परीक्षण एवं बीपी की जांच कर जांच कार्य में सहयोग प्रदान किया। प्रारंभ में मानव अधिकार संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर एके जैन एवं समाजसेवी दीपक तिवारी, गणेशराम रघुवंशी ने स्वर्गीय पुरूषोत्तम निमदेवकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं नेत्र चिकित्सकों का पुष्पहार से स्वागत किया। शिविर सहयोगी एवं वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने जानकारी दी कि इस शिविर में 57 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया, 47 लोगों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई, 33 लोगों को चश्मा प्रदान किए गए वहीं 89 मरीजों को दवाइयां का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी गणेश राम रघुवंशी, दीपक तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ एके जैन और सुनील पिंगले ने सद्गुरु सेवा संघ के अंधत्व निवारण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वर्गीय रणछोड़ दास की कृपा से प्रतिवर्ष 40000 से अधिक मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए जाते हैं जो एक अनुकरणीय उदाहरण है।

## संस्था की सेक्टर बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मप्र जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नवांकुर संस्था प्रवल सेवा एवं जनकल्याण समिति द्वारा सेक्टर बैठक त्योंदा कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें लगभग त्योंदा सेक्टर की 10 ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों एवं MSW, BSW के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिनको समाज कार्यों,विकसित भारत संकल्प यात्रा में सहयोग,आगामी कार्य योजना एवं अन्य विभागीय गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया। जिससे कि परिषद् एवं विभागीय कार्यों को निरंतर प्रगतिशील रखते हुए सामाजिक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे। जिसमें संस्था के अध्यक्ष वीरसिंह कुशवाह, कोषाध्यक्ष धनसिंह कुशवाह, मेंटर प्रमोद कुशवाह ,संतराम कुर्मी, रवि, अभि पांचाल, अशोक एवं छात्र/छात्रा मुकुल लोधी, शान मोहम्मद, सुशील गौर, सृष्टि कुर्मी, सुरती अहिरवार, बिरजा कुशवाह आदि उपस्थित रहे।






### आग से हुआ नुकसान

**गंजबासौदा।** नगर के पारासरी नदी पुल के पास कब्रिस्तान क्षेत्र में रूई के गोदाम में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया और इस कच्चे टपरे नुमा गोदाम में रखी सामग्री को अपनी चपेट में ले लिया। बाद में काफी मुश्किल के बाद आग पर काबू पाकर उसे बुझाया जा सका। इस घटना में काफी नुकसान हो गया।

### दत्त मंदिर में भगवान दत्तात्रेय की जयंती मनाई



**गंजबासौदा।** भगवान दत्तात्रेय की जयंती के अवसर पर पुरानी नगर पालिका के पीछे दिलीप देसाई के मकान में स्थित दत्त मंदिर में भगवान दत्तात्रेय की पूजा अर्चना की गई। जिसमे दोपहर 12बजे अभिषेक और जन्म उत्सव मनाया गया और शाम को भव्य आरती और सुन्दर कांड का आयोजन एवं प्रसादी वितरण किया गया। जिसमे सभी भक्त लोगों ने पहुंचकर आरती में शामिल होकर प्रसाद लेकर धर्म लाभ लिया।दिलीप देसाई एवं संदीप देसाई ने बताया कि उनके पूर्वजों के समय से दत्तात्रेय भगवान की पूजा अर्चना की परंपरा चली जा रही है। उसी के तहत 7 दिन का दत्त जयंती का पाठ किया जाता है एवं मार्ग की पूर्णिमा पर उनका जन्मोत्सव बड़े धूमधाम और गरिमा मय तरीके से मनाया जाता है। जिसमें सभी समाज के लोग आकर उनकी पूजा अर्चना कर कर धर्म लाभ उठाते हैं। इस अवसर पर मंदिर व्यवस्थापक दिलीप कुमार देसाई ,पुजारी संदीप देसाई, समाजसेवी सुनील बाबू, गणेश राम रघुवंशी, दिलीप देसाई, कृष्णमोहन शर्मा, उमेश नामदेव,राकेश दुबे, योगेश त्रिवेदी,अशोक शर्मा , पूर्व पार्षद दीपक शर्मा, विशाल वैष्णव, अभिनय श्रीवास्तव, संदीप, राजाभाऊ मोघे, दीपक तिवारी, कुणाल, मरुणाल, प्रीतम, भारती, मधु, रिया, रुषार्थ देसाई आदि मौजूद थे।

### शिविर के चतुर्थ दिवस स्वयंसेवकों ने चलाया सफाई अभियान

# शिविर में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम संपन्न







हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई द्वारा आयोजित शिविर का आज चतुर्थ दिवस रहा जिसमें नारी सशक्तिकरण विषय को प्रमुखता से उठाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी गौर एवं कार्यक्रम अध्यक्ष भावना राजपूत उपस्थित रहीं। वहीं आजाद नगर शाला की शिक्षिका ज्योति साहू एवं मालती पाल कार्यक्रम में उपस्थित थीं। स्वागत भाषण रासेयो बालक इकाई कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा द्वारा दिया गया। स्वयंसेवकों ने राजस्थानी वेशभूषा पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की, वहीं दूसरी ओर स्वयंसेविका रौनक रघुवंशी और वाणी राठौर द्वारा संपूर्ण रामायण पाठ सुगम संगीत में प्रस्तुत किया गया। सुजल राजभर, परी ओझा और शालू दांगी द्वारा की गई प्रस्तुतियां आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। अतिथियों ने बाल विकास एवं महिला संरक्षण को लेकर बात कही। जिसमें बच्चों के पोषण, महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं पर चर्चा हुई।

इसी के साथ द्वितीय सत्र में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा स्वयं सेवकों का मार्गदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एसोसिएशन अध्यक्ष कवि नीलेश चतुर्वेदी, वेद प्रकाश शर्मा तथा कार्यक्रम अध्यक्ष जगदीश यादव एवं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी शामिल थे। कवि नीलेश चतुर्वेदी द्वारा हास्य व्यंग के साथ-साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए माता-पिता की सेवा पर बात की गई। वहीं जगदीश यादव ने विद्यार्थियों और योग के महत्व को स्पष्ट किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक कुणाल रघुवंशी, अंजलि कारखुर, आदित्य प्रजापति प्रिया दुबे ने किया। अतिथियों का आभार कार्यक्रम अधिकारी मेघा शर्मा ने व्यक्त किया। शिविर परियोजना के तौर पर स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम आजाद नगर में जल स्त्रोतों एवं धार्मिक स्थलों के आस पास की साफ सफाई की गई। कार्यक्रम में सहायक कार्यक्रम अधिकारी विनय सोनी उपस्थित थे।

### वाहन चालकों से वसूला 7 हजार का शमन शुल्क



**गंजबासौदा।** पुलिस मुख्यालय द्वारा दो पहिया वाहन सवार द्वारा हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट न धारण करने पर कार्रवाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव के मार्गदर्शन में सूबेदार आशीष राय यातायात प्रभारी द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध वाहन जांच करते हुए कार्रवाई की गई। इस दौरान 20 वाहन चालकों के चालान बनाए गए एवं 7000 शमन शुल्क वसूल किया गया। कार्रवाई के दौरान तेज आवाज वाले साइलेंसर (मॉडिफाई साइलेंसर) को वाहन से निकलवा कर सामान्य साइलेंसर लगवाते हुए वाहन चालकों को हिदायत दी गई।

# छह माह के बकाया मानदेय की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

त्योंदा गंजबासौदा की समस्त आशा -ऊषा कार्यकर्ताओं का विगत 6 माह जुलाई 2023 से नवंबर 2023 तक आधा अधूरा भुगतान किया गया है। जिसमें समस्त ब्लॉक की आशा-ऊषा कार्यकर्ताओं की स्थिति अति दयनीय हो गई है। इसीको लेकर बुधवार को आशा ऊषा कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त तहसीलदार सविता पटेल को सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि आधा अधूरा भुगतान मिलने से उन्हें अपने परिवार का भरण पोषण करने में समस्या उत्पन्न हो रही है। वहीं वर्तमान पदस्थ बीसीएम एवं बीपीएम का डबल कार्यभार होने के कारण वह अपना बीसीएम का कार्य समय पर नहीं कर पा रहे हैं। बीसीएम से आशाओं के मानदेय को लेकर चर्चा करने पर वे अकाउंटेंट पर जिम्मेदारी डाल देते हैं। आशा कार्यकर्ताओं को संतोषजनक जवाब नहीं मिलता और हमारी पेमेंट भी समय पर बनाकर नहीं दी जाती।



ज्ञापन में मांग की गई है कि हम आशा उषा कार्यकर्ताओं की दयनीय स्थिति को देखते हुए हमारा जुलाई 2023 से नवंबर 2023 तक का बकाया मानदेय पूरा भुगतान किया जावे एवं त्योंदा में नया बीसीएम बनाया जाए।

आशा -ऊषा कार्यकर्ताओं को आयुष्मान कार्ड बनाने में ना लगाया जाए, समस्त आशाओं की पीबीआई की राशि का मार्च 2023 से आज दिनांक तक कोई भुगतान नहीं हुआ वह पूरी राशि का भुगतान किया जाए, आशा उषा कार्यकर्ताओं को डिलीवरी राशि रोक दी जाती है जब तक हितग्राही की राशि रुपए 1400 रू नहीं पहुंचती वह ना रोकी जाए, आशा उषा कार्यकर्ताओं की पिछली एलटीटी राशि का भुगतान पूर्ण भुगतान किया जाए। इस मौके पर ज्ञापन सौंपने वालों में शिवसुंदरी, सीता, सुरेखा, गीता शर्मा, रितु दांगी, रेखा विश्वकर्मा, रजनी विश्वकर्मा, रजनी चिढार, रामश्री अहिरवार, किरण शर्मा, गिरजा बघेल, कंचन बघेल, सविता सेन, मीना राजपूत, निर्मला यादव, विनीता शर्मा सहित बडी संख्या में त्योंदा एवं गंजबासौदा क्षेत्र की आशा एवं ऊषा कार्यकर्ताएं मौजूद थीं।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के138वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस का ध्वजारोहन समारोह आज

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस का 138 वां स्थापना दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यालय गौर मूर्ति के समक्ष आज सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इस कार्यक्रम मै समस्त कांग्रेस जन सादर आमंत्रित है। ध्वजारोहन जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी करेंगे। उक्ताशय की जानकारी जिला शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने दी।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लिए आवेदन 31 दिसंबर तक

**सागर।** मत्स्योद्योग विभाग द्वारा प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये आवेदन 31 दिसंबर तक आमंत्रित किये गये है। भारत शासन द्वारा संचालित योजना में जन सामान्य, मत्स्य कृषकों, महिला उद्मियों आदि के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना प्रारंभ की गयी है, जिसमें तालाब निर्माण, मत्स्य बीज संवर्धन क्षेत्र विकास, कोल्ड स्टोरेज, एवं मत्स्य परिवहन के लिए मोटर साइकिल, थ्री व्हीलर आपे, इंसूलेटेड वेन आदि शामिल है। योजना से संबंधित जानकारी के लिए जिला कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग सागर, पुराने आरटीओ आफिस के पास, तिली रोड सागर पर संपर्क किया जा सकता है।

### फोटो निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी 2024 के मान से निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी ने जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 के मध्य दावे आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही की जाएगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 को किया जायेगा। सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिये हैं कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों का नाम अनिवार्य रूप से जिले की मतदाता सूची में दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

### ग्रामीण स्तर पर होगा शिविरों का आयोजन, सर्वे कार्य भी प्रारंभ: एसडीएम

# सिरोंज ब्लॉक के 17 सहरिया आबादी बस्तियों के 1917 लोग होंगे लाभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

पीएम जन-मन (पीव्हीटीजी) मिशन तहत सिरोंज क्षेत्र के सहरिया बाहुल्य गांव में बुनियादी आवश्यताओं की पूर्ति जल्द ही कराई जाएगी। मिशन के तहत प्राप्त दिशा निर्देशो के परिपालन में मंगलवार को विदिशा में लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में अन्तर्विभागीय समन्वय अभिसरण तहत संपादित किए जाने वाले कार्यो की विभागवार कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए है। एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि शासन की पीएम जन-मन (पीव्हीटीजी) मिशन के क्रियान्वयन के लिए टीमे गठित कर दी गई है। इस योजना उध्ष्य है कि सहरिया आबादी बस्तियों के नागरिक अधिक से अधिक लाभांवित हो। वही उन्होने कहा कि उक्त योजना के अंतर्गत सर्वे के दौरान एक रिर्पोट तैयार की जा रही है। जिससे में यह देखा कि सहरिया आबादी बस्तियों में कितने नागरिक लाभाविंत हुए है और कितने व्यक्तियों को अभी तक लाभ नही मिल पाया। इसको लेकर ग्रामीण क्षेत्रो में षिविर आयोजित कर ग्रामीणों का योजना की जानकारी व लाभ दिलाया जाएगा।

**मिशन के क्रियान्वयन के लिए टीमें गठित की गई हैं: एसडीएम**






17 गावों के 1917 नागरिक होगें लाभांवित - सिरोंज विकासखण्ड के 17 सहरिया आबादी गावों के 1917 नागरिक इस योजना के माध्यम से लाभावित होगें। एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि सहरिया बाहुल्य बस्तियों में इन वर्ग के रहवासियों को पक्के मकान, सम्पर्क हेतु सड़क मार्ग, स्वास्थ्य हेतु चिकित्सा इकाई, अध्यापन कार्य हेतु छात्रावास, विद्युतीकरण,जलापूर्ति, आंगनबाडी केन्द्रो का निर्माण, नेटवर्क, व्यवसायिक शिक्षा, कौशल के अलावा पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, आयुष्मान कार्ड, केसीसी, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम तहत सिकल सेल मिशन, राष्ट्रीय क्षय मूल्यांकन कार्यक्रम के अलावा आदिवासी उत्पादको का विपणन और आदिवासी कारीगर मेला सहित अन्य मेगा ईवेंट के लिए क्षेत्र में स्थलों का चिन्हांकन इत्यादि का क्रियान्वयन किया जाना है। वही उन्होने कहा कि आदिम जाति कल्याण विभाग के माध्यम से कार्ययोजना बनाई गई है जिससे की क्षेत्र का भ्रमण अवष्यक रूप से हो सकें और कोई भी कार्य छूट ना पाए।
यह ग्राम होगें लाभांवित - ग्राम बगरोदा, भटोली,भाऊखेडी,भूकरी, दमोदर खेडी,दिपनाखेडा,घटवार,घोसुआताल, गुलाबगंज,हरगनराखेडी,हिनोतिया, ललितपुर,नाऊखेडा,प्याराखेडी, रिनीया, रूपदाखेडी, तरवरिया के 1917 ग्रामीणों को पीएम जन-मन (पीव्हीटीजी) मिशन तहत बुनियादी आवश्यताओं की पूर्ति कराई जाएगी।

### बाइक के साइलेंसर से तेज आवाज आई तो अब कटेगा चालाना

## यातायात पुलिस के विशेष अभियान के तहत की जा रही चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



यातायात पुलिस द्वारा प्रतिदिन नगर के चौक-चौराहो पर बाइक का साइलेंसर बदल कर पटाखे जैसी कर्कश आवाज निकालने, नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने, बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने, तीन सवारी बैठाने, शराब पीकर वाहन चलाने और संदिग्ध वाहन चालकों की धरपकड़ के लिए विषेष अभियान चलाया जा रहा है। बाइक के साइलेंसर से तेज आवाज आई तो चालान तों कटेगा ही साथ में पकड़े जाने पर तुरंत दूसरा कम आवाज वाला साइलेंसर लगवाना होगा,तभी बाइक वापस मिलेगी।

सिरोंज यातायात पुलिस अब तक कई बाइकों के साइलेंसर बदलवा चुकी है। वही यातायात प्रभारी रीतेष बघेला ने बताया कि एक बार पकड़े जाने पर साइलेंसर बदलवाया जाएगा लेकिन दूसरी बार फिर गलती की तो बाइक ही जब्त कर ली जाएगी। शहर में बाइक चालक महंगी और स्टाइलिश बाइक के मूल साइलेंसर को बदलवाकर तेज आवाज वाले साइलेंसर और फायरिग किट लगवा रहे हैं। इनसे गोली-पटाखे जैसी आवाज निकलती है। नियमों के अनुसार बाइक पर प्रेशर हार्न एवं वाहन को मोडिफाई करने पर रोक है, लेकिन इसकी परवाह किए वगैरह युवा वर्ग बेधड़क स्पीड ड्राइव करके लोगों की जान संकट में डाल रहे हैं। लेकिन अब ट्रैफिक पुलिस की इन वाहन चालको पर पैनी नजर रहेगी। साथ ही ओवर स्पीडिंग, बिना हेलमेट, बगैर सीट बेल्ट तथा तीन सवारी वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी सघन अभियान चलेगा। ऐसे चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला जाएगा।

दरअसल बड़ी संख्या में युवा बुलेट और अन्य महंगी बाइक से कंपनी का साइलेंसर हटाकर असुरक्षित साइलेंसर लगवा रहे हैं। इसकी कोई गारंटी भी नहीं होती है। कंपनी के साइलेंसर लगभग पांच हजार रुपये की कीमत के होते हैं, जबकि नकली साइलेंसर साढ़े आठ सौ से हजार रुपये का आता है। यह अधिक आवाज के साथ-साथ गोली चलने जैसी आवाज भी करता है। वही पुलिस ने मंगलवार को सात बाइक चालको पर चालानी कार्यवाही करते हुए 3600 रूपये का जुर्माना वसूला।

### जीवन में पढ़ाई कभी खत्म नहीं होती, हमें हमेशा कुछ न कुछ नया सीखते रहना चाहिएः एसडीएम

# केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने उत्साह और उल्लास के साथ मनाया अपना वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के कष्टम पथ भवानी नगर स्थित केडीबीएम इंटरनेषनल स्कूल में तीसरा वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। वार्षिक समारोह की थीम इमोशनंस द कलर ऑफ लाइफ रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरस्वती वंदना नृत्य के माध्यम से ज्ञान की देवी का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस अवसर पर सभी का हार्दिक स्वागत करते हुए प्राचार्य मनोज तिवारी ने छात्रों द्वारा प्राप्त उल्लेखनीय उपलब्धियों और सराहनीय उपलब्धियों को गिनाते हुए वार्षिक स्कूल रिपोर्ट प्रस्तुत की। वही कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि एसडीएम हर्षल चौधरी द्वारा मेधावी छात्रों को शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार दिए और सभी को अपने संबोधन में मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जीवन में पढ़ाई कभी खत्म नहीं होती हमें हमेशा कुछ न कुछ नया सीखते रहना चाहिए। तत्पश्चात नवरसो की प्रस्तुतियों में विभिन्न भावनाओं का प्रदर्शन किया गया। वात्सल्य रस ने हर कोई को भावुक कर दिया। यह रस पिता और माता को समर्पित था। नन्हे-मुन्ने बच्चों के प्रदर्शन ने अभिभावकों की आंखें नम कर दीं। एक चतुर नार के गीत पर हास्य रस में कक्षा 1 और 2 के विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने अभिभावकों के चेहरे पर हंसी और मुस्कान ला दी। करुण रस के माध्यम से चाइल्ड लेबर एवं पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया गया। साथ ही चमकदार वेशभूषा, अच्छे कोरियोग्राफ किए गए और नृत्य अनुक्रम, सुंदर प्रॉप्स, थीम आधारित आश्चर्यजनक शानदार एलईडी बैक ग्राउंड के साथ जोड़ा गया। वही निदेशक श्रीमति श्वेता आनंद त्यागी ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पालकों से आग्रह किया की स्कूल में इस तरह के कार्यक्रमों में बच्चों को बडचढ़ कर भाग दिलाएं क्योंकि मंच पर आने से बच्चों में बहुत सारी प्रतिभाओं निकल कर आती हैं वार्षिक उत्सव के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और पूरे स्टाफ को बधाई दी। वार्षिक प्रस्तुति का भव्य समापन वीर रस के साथ साहस का प्रदर्शन था जो भावनाओं के साथ आगे बढ़ने की बहादुरी को दर्शाता था। उत्सव का समापन राष्ट्रगान के बाद धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



## जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षा की नीतियों के बारे में दी जानकारी




**सिरोंज।** शासकीय हाई स्कूल कस्बाताल संकुल केंद्र में जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद प्रसाद राठी ने बैठक ली और बैठक में शिक्षा की नीतियों के बारे में अवगत कराया। साथ ही शिक्षकों को समय पर आना व कार्य योजना के अनुसार कार्य करना एवं 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी का विशेष ध्यान देने पर बल दिया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य जगदीष साहू,नवांकुर प्रबंधक जेपी यादव,पथरिया सरपंच प्रतिनिधि लेखराज पाल,सुरेन्द्र रघुवंषी,राम गुलाम रघुवंषी,नितेष आदि ने जिला षिक्षा अधिकारी का फूल माला पहनाकर सम्मान किया।

## स्वदेशी जागरण मंच ने माधवगंज पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



भारत देश में हुए सबसे बड़े बलिदान को याद करते हुए गुरु गोविंद सिंह के दोनों पुत्र फतेह सिंह और जोरावर सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर उनको पुष्पांजलि अर्पित कर मुगल काल के समय उनके संघर्ष और बलिदान को याद किया।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 दिसंबर को बलिदान दिवस के रूप में मनाने का जो ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय लिया है उसकी भी प्रशंसा की गई । 10 वर्ष की उम्र में इस्लाम न कबूल करने के कारण एवं सनातन धर्म को न छोड़ना हिंदू समाज के लिए प्रेरणादाई है। आज के बच्चों को उनके बलिदान और साहस एवं पराक्रम के बारे में पढ़ना चाहिए जिससे युवा पीढ़ी प्रेरणा ले सके इस कार्यक्रम में पूर्व मंडी अध्यक्ष चंदन सिंह यादव कमलजीत सिंह जी सेक्रेटरी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रदीप जैन ,लोचन सिंह राजपूत, देवेंद्र सेन, देवेंद्र चौरसिया, हिम्मत सिंह राजपूत, आशीष काके,पप्पू सरदार, प्रदीप सरदार निलेश राय,प्रशांत खत्री हरिओम जाट, संजय प्रजापति ,कपिल कुमार आदि रहे मौजूद।

# 'हमारे अंदर आत्मा की आवाज हमें सही रास्ता चुनने में मदद करती है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

सीएम राइज स्कूल कुरवाई में बुधवार को राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग की टीम द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएम राइज प्राचार्य आर के श्रीवास्तव द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि वास्तविक आनंद हमारे भीतर है बाहर नहीं क्योंकि हमारे अंदर आत्मा की आवाज हमें हमेशा ही सही रास्ता चुनने में मदद करती है लेकिन हमें अपनी अंतरात्मा की आवाज शांत समय सुनना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत मास्टर ट्रेनर संजय श्रीवास्तव ने गतिविधियों के माध्यम से अपनी क्षमता को पहचान कर सही मार्ग पर बढ़ाने में आनंद विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका का अनुभव कराया तत्पश्चात जीवन का लेखा जोखा सत्र का संचालन किया गया।

### अनुभव किए साझा

मास्टर ट्रेनर राजेश पटेल ने अपनी अनुभवों को साझा कर प्रतिभागियों को आनंद के रास्ते पर चलने की तकनीक से अवगत कराया। आनंदम सहयोगी नम्रता श्रीवास्तव ने मदद की अवधारणा एवं धन्यवाद की महत्व पर प्रकाश डालकर अपने अनुभवों को साझा किया। प्रतिभागी नारायण प्रसाद शर्मा जन शिक्षक ने आनंद विभाग के कार्यक्रम आगे भी इसी तरह से होते रहे। इस हेतु मांग रखी शिक्षक नरेश सिंह दांगी सिहोरा ने बताया कि पहली बार ऐसा महसूस हुआ है कि वास्तविक आनंद क्या है। कार्यक्रम में बीआरसी अनूप तिवारी, बीएसी अतुल श्रीवास्तव, बीएसी कमर अली, सीएम राइज स्कूल स्टाफ आयुष विभाग स्वास्थ्य विभाग एवं जन अभियान परिषद के सदस्यों शामिल हुए।

### हितग्राहियों को सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

**कुरवाई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत बुधवार को कुरवाई मंडल के ग्राम रूसिया में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑनलाइन संबोधन को सुना। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी , मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी, वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र चौहान,बलराम दांगी ,जनपद सदस्य मनोज चौबे ,सरपंच गोलू राजपूत, जन सेवा मित्र सहित सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समस्त विभागों के आधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सभी साथ मिलकर करेंगे नगर क्षेत्र का विकासः राज्यमंत्री पटेल

## भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मंत्री नरेन्द्र पटेल ने किया नगर का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

प्रदेश की भाजपा सरकार में राज्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण के बाद बरेली आए। नरेन्द्र शिवाजी पटेल का भाजपा कार्यालय में नगर एवं ग्रामीण क्षैत्र के हजारो कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। सेकडो भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ खुली जीप में सवार राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने नगर की प्रमुख सड़को, कालौनी, मोहल्लों का आभार व्यक्त किया। नगर में निकली आभार रैली का रामीला मैदान में समापन बाद संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र के गांवो से आए भाजपा के कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों द्वारा लगभग एक घंटे तक चले स्वागत कार्यक्रम में आत्मीय स्वागत किया गया।

### 25 वर्षों बाद मिला मंत्री पद

रामलीला मैदान में आभार सभा में भारी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ताओं, उदयपुरा, बाड़ी-बरेली, खरगौन क्षैत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं, संगठन पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों की भारी संख्या के कारण मंत्री पटेल का स्वागत एक घंटे तक चलता रहा। इस अवसर पर नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, जनपद अध्यक्ष प्रभा पटेल, विधानसभा प्रभारी सुरेन्द्र तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ, राजेन्द्र ठाकुर, विक्रम सिंह, अभिषेक राजपूत, सीमा चौहान, पवन रघुवंशी, घनश्याम सिंह रघुवंशी इत्यादि की विशेष उपस्थिति रही। नपं. अध्यक्ष हेमंत चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, अजय जैन, राजेन्द्र ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव में 43 हजार मतो की ऐतिहासिक जीत के बाद 25 वर्षो बाद बरेली को पुनः मंत्री पद प्राप्त होना गौरव का विषय है। राज्यमंत्री नरेन्द्र पटैल के नेतृत्व में नगर एवं क्षैत्र का तीव्रगति से विकास और विभिन्न समस्याओं का निराकरण होगा।




### विकास के लिए राशि की कमी नहीं

प्रदेश सरकार और राज्यमंत्री बनने के बाद रामलीला मैदान में आभार सभा को संबोधित करते हुए नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि सभी मिल कर नगर एवं क्षैत्र का विकास करेंगे। कहा कि उन्होंने मात्र विधायक रहते हुए ग्रापं. के सरपंचो की बैठक बुला कर गांव के विकास की कार्य योजना बनाने का कहा था। अब मंत्री पद मिल गया है। बरेली, उदयपुरा, देवरी नपं. के विकास सौंदर्यकरण के लिए जितनी राशि चाहिए उसे दिलानें का भरोसा दिया, कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को मिले। तीव्र गति से विकास हो इसके लिए सभी मिल कर कार्य करेंगे। राज्यमंत्री नरेन्द्र पटैल ने आभार सभा में रात्रि 10 बजने से एक मिनिट पूर्व अपना उद्बोधन समाप्त कर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पालन की अनुकरणीय उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

# ग्रामीण कृषि अधिकारी के अधिकांश पद रिक्त, मैदानी अमले की कमी से कृषि विभाग की योजनाएं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

कृषि प्रधान बाड़ी-बरेली क्षेत्र में लगभग 2 दर्जन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कभी संपूर्ण क्षेत्र के किसानों के बीच सक्रिय रहा करते थे। धीरे-धीरे मैदानी अमले के पद सेवानिवृति के कारण रिक्त होते चले गए।

वर्तमान में बाड़ी स्थित वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कार्यालय में वमुश्किल 5-6 ग्रामीण कृषि अधिकारियों पर बाड़ी जनपद की 106 ग्रापं. बाड़ी-बरेली तहसील के लगभग सवा दौ सौ ग्रामों के हजारो किसानों के बीच कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं का निचले स्तर पर क्रियान्वयन, विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी देने का महत्वपूर्ण दायित्व बना हुआ है। सवाल यह है कि कृषि विभाग का मैदानी अमले की रीड की हड्डी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी निरंतर सेवानिवृत होते जा रहे हैं। रिक्त पदों की वर्षो से पूर्ति नहीं की जा रही है, तब खेती को लाभ का धंधा बनाने की सरकारी नीति विभिन्न योजनाओं का निचले स्तर पर किसानों के बीच कैसे क्रियान्वयन होगा। बाड़ी स्थित बारना बांध से बाड़ी-बरेली तहसीलों के लगभग सवा दौ सौ ग्रामों में एक लाख एकड़ से भी अधिक भूमि सिंचित होती है। खरीफ में बासमती धान, रबी सीजन में गेंहू, चना एवं गर्मी के दिनों में हजारों किसानों द्वारा मूंग का उत्पादन किया जाता है। इसी के साथ यह क्षेत्र धीरे-धीरे टमाटर एवं अन्य हरी सब्जियों का विशेष उत्पादक क्षेत्र बनता जा रहा है। क्षेत्र के हजारों किसानों द्वारा आज भी पारंपरिक तरीकों से खेती की जा रही है।




### बाजार में कीटनाशक दवाओं का बड़ा बाजार

बाड़ी-बरेली तहसीलों के हजारों किसान वर्ष में तीन फसलों का उत्पादन और हरी सब्जियों, टमाटर की व्यापक स्तर पर खेती कर रहे है। प्रति सीजन क्षेत्र में करोड़ों की कीटनाशक दवाईयां, विभिन्न प्रकार के फसल उत्पादन बढाने वाले दवाईयों का व्यापार होता है। हजारो टन रासायनिक खाद किसानों द्वारा खरीदी जाती है। कृषि विभाग में मैदानी अमले की कमी से कीटनाशकों, टानिक और बिकने वाली खाद की जांच नहीं होती है। जिससे संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में घटिया निम्न स्तरीय दवाईयां बिकने की स्थिति बनी रहती है। किसान व्यापारियों के बताए अनुसार कीटनाशकों, टानिक का उपयोग कर प्रति सीजन फसलों के उत्पादन सम्वर्धन पर मोटी रकम खर्च कर रहे है।

### रिक्त पदों की बढ़ती जा रही संख्या

वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कार्यालय बाड़ी में लगभग 2 दर्जन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के पद है। सेवानिवृति के कारण अब 5-6 ही रह गए है। अधिकांश पद रिक्त बने हुए है। मिली जानकारी के अनुसार इसी माह में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी भी सेवा निवृत हो रहे है। ऐसी स्थिति में कृषि विभाग की विभिन्न किसानों के लिए बनी और जारी योजनाओं का क्रियान्वयन निचले स्तर पर कैसे हो पाएगा। रिक्त पदो की पूर्ति कब तक होगी किसानों में व्यापक चर्चाओं का विषय बना हुआ है।

खबर संक्षेप

## वॉलीबॉल व कबड्डी में सिलवानी बना विजेता



**सिलवानी।** अंतर विद्यालय जिला स्तरीय अंडर 17 वॉलीबॉल कबड्डी टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन सीएम राइस स्कूल सिलवानी में किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, प्रभारी प्राचार्य स्वतंत्र कुमार नेमा, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि मोहन साहू द्वारा किया। प्रतियोगिता में बेगमगंज, उदयपूरा, बरेली और सिलवानी की टीमों ने भाग लिया वॉलीबॉल बालक वर्ग में सिलवानी विजेता, वॉलीबॉल बालिका वर्ग में बेगमगंज विजेता रहा। कबड्डी बालक वर्ग में सिलवानी विजेता, कबड्डी बालिका वर्ग में उदयपुरा विजेता रहा। टेबल टेनिस में बेगमगंज विजेता रहा। प्रतियोगिता का संचालन खेल प्रभारी मोहम्मद तारिक, आनंद पांडे, आरिफ खान, कमलेश जाटव, उबेस मंसूरी, योगेश कुलकर्णी, विक्रम ठाकुर ने किया।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 29 दिसंबर को

**रायसेन।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में 29 दिसम्बर को कलेक्ट्रेड सभाकक्ष में सुबह 11 बजे आयोजित की गई है। बैठक में आरसीएच पोर्टल/अनमोल आधारित मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर/एनसीडी स्क्रिनिंग हाईपरटेंशन/डायबिटीज, सीएम हेल्पलाईन जेएसवाय, पीएसवाय प्रकरणों के भुगतान की समीक्षा, परिवार कल्याण सेवाओं, स्थायी साध/पीपीआईयूसीडी की समीक्षा, कायाकल्प अभियान, लक्ष्य एवं मुस्कान कार्यक्रम की समीक्षा, मातृ मृत्यु प्रकरण की समीक्षा, विकसित भारत संकल्प यात्रा स्वास्थ्य शिविरों की समीक्षा, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा की जाएगी।

### आक्रोशित किसानों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

# खाद की मारामारी से किसान हो रहे परेशान, किसानों में भड़का आक्रोश

*किसानों का आरोप - गोदाम इंचार्ज बड़े किसानों से सेटिंग कर नंबर दो में खाद दी जा रही है, हम छोटे किसान दो-दो दिन लाइन में लग रहे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

यूरिया खाद के लिए किसानों को दो-दो दिन तक खाद गोदाम पर लाइन में लगकर मशक्कत करना पड़ रही है, तब कहीं जाकर दो या चार बोरी खाद मिल पा रही है।

गोदाम इंचार्ज की मनमानी के चलते पिछले कई दिन से किसानों को यूरिया खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है जबकि बताया गया है कि पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद भी किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध नहीं हो रही है।

आज जब स्थल निरीक्षण किया तो पाया कि दो-दो दिन से लाइन में लगे किसानों महेंद्र लोधी, खूबचंद लोधी, राजकुमार यादव, गणेश प्रसाद शर्मा, राजेश शर्मा, हिम्मत सिंह गौर, मजबूत सिंह, बाबूलाल कुर्मी सहित अनेकों किसानों ने बताया कि टोकन लेने के बावजूद भी खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है जबकि पीछे के दरवाजे से टोकन लेकर खाद लेने वाले रसूखदार इंचार्ज की मिली भगत के चलते खाद लेकर चले जाते हैं।

पिछले कुछ दिनों से खाद्य वितरण में मनमानी के चलते किसानों में आक्रोश व्याप्त है। कई बार किसान गोदाम इंचार्ज की कार्य प्रणाली को लेकर नारेबाजी सहित चक्का जाम कर चुके हैं। इसके बावजूद भी व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। प्रशासन द्वारा भी गोदाम इंचार्ज की कार्यप्रणाली पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा है।

आज पुनः आक्रोशित किसानों द्वारा खाद वितरण में अव्यवस्था के चलते शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई, जिससे कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल रहा। किसानों का आरोप था कि गोदाम इंचार्ज द्वारा मनमानी तौर पर बड़े किसानों से सेटिंग कर उन्हें नंबर दो में खाद उपलब्ध कराई जा रही है जबकि हम छोटे किसानों को दो-दो दिन तक लाइन में लगना पड़ रहा है। उसके बाद भी खाद मिलने की गारंटी नहीं है क्योंकि गोदाम इंचार्ज के अभद्र व्यवहार एवं मनमानी से किसान तरसते हैं।



बेगमगंज। खाद के लिए गोदाम पर लगी किसानों की भीड़, करना पड़ रहा उन्हें लंबा इंतजार।

### स्टॉक में 132 टन यूरिया खाद रखा किसानों को किया जा रहा है वितरित

इस संबंध में गोदाम इंचार्ज अशोक कुमार राठौर से संपर्क किया गया तो उन्होंने अपनी किसानों के प्रति विवादग्रस्त कार्यशैली के संबंध में बताया कि खाद देने के बावजूद भी किसानों द्वारा खाद नहीं मिलने की झूठी शिकायतें की जा रही है, जिससे उन्हें गुस्सा आता है।

उन्होंने बताया कि हाल ही में 183 टन यूरिया खाद आया था। जिसमें से 61 रिटर्न खाद का वितरण हो चुका है और अभी भी स्टॉक में 132 टन यूरिया खाद मौजूद है, जिसे किसानों को वितरित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एनपीके 355, सुपर फास्ट स्पीड 200 टन एवं डीएपी 233 टन भी स्टॉक में मौजूद है। प्रति एक एकड़ भूमि पर दो बोरी खाद उपलब्ध कराई जाती है। भीड़ के चलते खाद्य वितरण में विलंब तो होता ही है। टोकन पद्धति से सभी किसानों को खाद दी जाएगी।

## फैक्ट्री चौराहा से जमुनिया तक रोड की हालत जर्जर

### ग्रामीण व छात्र-छात्राएं हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम जमुनिया की 3 किलोमीटर सड़क की हालत बद से बदतर हो चुकी है फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज से लेकर ग्राम जमुनिया तक 3 किलोमीटर की सड़क में इतने गड्ढे है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। सड़क में गड्ढे ही गड्ढे दिखाई दे रहे हैं इन गड्ढों में अमेशा पानी भरा रहता है। इन्हीं गड्ढों में कई व्यक्ति गिरकर घायल हो गए हैं।

देखने में ऐसा प्रतीत होता है कि गड्ढे ज्यादा सड़क कम दिखाई देती है। इस मार्ग से होते हुए ग्राम जमुनिया, नीदोन, कायमपुर, जमुनिया टोला, कायमपुर टपरा, भील टोला, निदोन टपरा यदि गांव के लाखों लोग रोज भोपाल विदिशा से अपने घर आते जाते हैं। जमुनिया रोड पर बोर्ड लगा है इस बोर्ड पर 2008 में लगभग 50 लाख की कीमत से जमुनिया रोड बना था। 2008 से लेकर अभी तक 14 वर्ष हो चुके है इन 14 वर्षों में एक बार इस रोड की मरम्मत हुई इसके बाद इस रोड की अभी तक कोई मरम्मत नहीं हुई है। इस रोड पर आए दिन हादसे होने लगे दो-दो फीट चौड़े गड्ढे हो गए हैं। इसी मार्ग से सभी गांव के बच्चे दीवानगंज हाई सेकेंडरी स्कूल पढ़ने पहुंचते हैं।

कुछ दिन पहले हलाली डैम का जलस्तर बढ़ने पर क्षेत्रीय विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी और पूर्व जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट निदोन गांव पहुंचे थे। लौटते वक्त जमुनिया के मंदिर पर ग्रामीणों ने अपनी समस्या से दोनों मंत्रियों को अवगत कराया था जिसमें रोड के विषय पर भी चर्चा हुई थी। उसी समय क्षेत्रीय विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने अपने फोन से पीडब्ल्यू के कर्मचारियों को फोन लगाकर जमुनिया रोड सही कराने का आश्वासन दिया था। इसके कुछ दिन बाद ठेकेदार के कर्मचारी रोड पर काम करने पहुंचे फैक्ट्री चौराहा से कुछ दूरी पर डामर को खोदकर पटक गए। इसके बाद आज तक इस रोड पर कोई भी ठेकेदार काम करने नहीं पहुंचा। यहां रोड आज तक खुदा हुआ पड़ा है।

## बेटी के विवाह की चिंता के कारण किसान ने की आत्महत्या

**बेगमगंज।** ग्राम चाँदोड़ा में बुधवार सुबह तड़के 6 बजे 55 वर्षीय चरण सिंह यादव पिता दुर्ग सिंह ने पशुओं की सार में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को पता चला तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस पंचनामा उपरांत मामला दर्ज कर विवेचना लिया है।



मृतक के भतीजे जगभान सिंह ने बताया कि पुत्री का विवाह एवं फसल खराब होने तथा कई महीनों से चाची प्रेमरानी थायराइड एवं शुगर की बीमारी के चलते बीमार चल रही है। दो दिन पूर्व वह उन्हें सागर दिखाकर आए थे। आर्थिक तंगी, फसल खराब होने एवं पत्नी की बीमारी ओर बेटी की शादी की चिंता के कारण वह कई दिन से मानसिक रूप से परेशान थे। परिवार में इन्हीं बातों को लेकर वह चिंता व्यक्त करते रहते थे आज उन्होंने अप्रिय कदम उठा लिया।

## भोपाल-विदिशा हाईवे पर एक सप्ताह से लगातार हो रही है सड़क दुर्घटनाएं

### कोहरे के कारण ट्रक पुलिया से टकराया, ड्राइवर क्लीनर को आई मामूली चोटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज


भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर एक सप्ताह से लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। 1 साल में लगभग 200 दुर्घटनाएं इस रोड पर हो चुकी है। इसके बावजूद भी रोड का चौड़ीकरण नहीं किया जा रहा है।

बता दें कि बीते गुरुवार को बालमपुर चौराहे पर 407 वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी थी। जिससे बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया था। वहीं सोमवार सुबह कोहरे के कारण दीवानगंज पर किराने से भरा ट्रक पलट गया था, तो उसी रात उसी जगह पर कार को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी थी। जिसमें 4 लोग मामूली रूप से घायल हो गए थे। मंगलवार को रेलवे ओवरब्रिज पर भूसे से भरे ट्रैक्टर ट्राली को बस ने टक्कर मार दी थी, जिससे ट्राली पलट गई। मंगलवार को ही रात को बालमपुर घाटी के ऊपर भोपाल से विदिशा गेहूं से भरकर जा रहा ट्रक पुलिया से टकरा गया। जिससे ट्रक में भरी गेहूं की बोरिया पुलिया में गिरकर बिखर गई तथा ट्रक रोड पर ही पलट गया। हालांकि ट्रक ड्राइवर और क्लीनर बाल बाल बच गए। सलामतपुर चौराहा से लेकर भोपाल तक मार्ग पर रोज दुर्घटनाएं हो रही है।



## एमपीपीएससी में चयनित हुए स्वीटी व अनिकेत, क्षेत्र में उत्साह का वातावरण

### किसान के बेटा-बेटी बने प्रशासनिक अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

मध्यप्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन की तरफ से आवेदन प्रक्रिया नवंबर 2019 में शुरू हुई थी। इसके लिए मेंस परीक्षा का आयोजन 10 सितंबर 2021 को हुआ था। इसके बाद इंटरव्यू का आयोजन किया गया। 27 दिसंबर की देर रात लोक सेवा आयोग ने एमपीपीएससी 2019 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया गया है। 2 प्रतिभागियों ने बाड़ी बरेली तहसील का नाम रौशन किया है।

अनिकेत पटेल को एमपीपीएससी के रिजल्ट में जहां 134वीं रैंक मिली है, वहीं स्वीटी चौहान 273वें स्थान पर हैं। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले अनिकेत पटेल तीखावन नूरनगर ने कड़ी मेहनत की बदौलत यह मुकाम हासिल किया है। वहीं किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाली स्वीटी चौहान पिता हिमांचल चौहान ने किसान पिता का सपना पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत की और परीक्षा में शामिल हुई। जब रिजल्ट आया तो बधाई देने वालों का तांता लग गया।

स्वीटी चौहान के परिवार का मुख्य पेशा खेती किसानी है, बड़े पापा भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, बड़ी मां ममता धर्मेंद्र चौहान नगर परिषद बाड़ी, जीजा जी देवास नगर निगम कमिश्नर को आदर्श मान कर पढ़ाई की। ऐसे में जब गांव की बेटी नायब तहसीलदार बनी तो गूगलबाड़ा गांव में खुशी से ढोल नगाड़ों, आतिशबाजी कर भव्य स्वागत कर क्षेत्र के अनेक लोगो ने बधाई प्रेषित की गई।

## स्व-सहायता समूह ने सुलभ शौचालय का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

स्वच्छता अभियान 2024 के आगाज से पहले स्व सहायता समूह द्वारा शौचालय साफ सफाई का निरीक्षण किया जा रहा है।

सीएमओ भूपेंद्र सिंह के निर्देशन में स्वच्छता निरीक्षक श्रीनिवास तिवारी द्वारा 28 दिसंबर को स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत समूह द्वारा सुलभ शौचालय का ग्रेडिंग का कार्य किया जाना है इसी क्रम में नया बस स्टैंड स्थित सुलभ शौचालय का निरीक्षण स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया गया। स्वच्छता निरीक्षक श्रीनिवास तिवारी द्वारा सम्पूर्ण काम्प्लेक्स का अवलोकन कराया गया। इसके साथ ही साथ ही शौचालय ग्रेडिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर नगर की स्व सहायता समूह की महिलाओं की उपस्थिति रही।

## व्यय प्रेक्षकों के सहयोग के लिए नियुक्त लायजनिंग ऑफिसर व सहायक

**रायसेन।** केन्द्रीय व्यय प्रेक्षकों के सहयोग के लिए विधानसभा उदयपुरा एवं सिलवानी व्यय प्रेक्षक के सहयोग के लिए संजय चतुर्वेदी लेखाधिकारी पीआईयू रायसेन को लायजनिंग ऑफिसर और विधानसभा भोजपुर एवं सॉची व्यय प्रेक्षक के सहयोग के लिए अवधेश गौतम लेखाधिकारी जिला पंचायत रायसेन को लायजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया है। साथ ही सहयोग के लिए कैलाश रघुवंशी सहायक ग्रेड-2 पशु चिकित्सालय रायसेन, महेन्द्र पाल जिला चिकित्सालय रायसेन, नीलेश विश्वकर्मा कम्प्यूटर ऑपरेटर पीडब्ल्यूडी रायसेन तथा अमित भृत्य एनआरएलएम जिला पंचायत रायसेन को सहायक नियुक्त किया गया है।




### रामलीला मैदान में स्थानीय कलाकारों ने किया लीला का मंचन

## इधर लक्ष्मण जी ने काटी राक्षसी सूर्पनखा की नाक, उधर श्रीराम ने किया सेना समेत रावण के भाई खर दूषण का वध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रामलीला महोत्सव में बुधवार को भगवान राम लक्ष्मण और माता सीता वन गमन करते हुए पंचवटी नामक स्थान पर पहुंचते हैं और वहां जाकर विश्राम कर रहे होते हैं। इस दौरान सूर्पनखा विवाह करने के उद्देश्य से वहां पहुंचती है। पंचवटी पर सूर्पनखा भगवान राम से कहती है कि तुम सम पुरुष न मोसम नारी, यह संयोग कुछ रचा बिचारी अर्थात सूर्पनखा भगवान राम से कहती है कि तुम्हारे समान दुनिया में कोई पुरुष नहीं है और मेरे समान कोई नारी नहीं है कितनी अच्छी जोड़ी है अगर आप मुझसे शादी कर ले तो कितना अच्छा होगा।

सूर्पनखा की इस बात पर भगवान राम कहते हैं कि मैं तुमसे शादी नहीं करूंगा क्योंकि मेरे साथ में सीता है मुझे दूसरा विवाह नहीं करना और भगवान राम सूर्पनखा को लक्ष्मण जी के पास भेज देते हैं। फिर सूर्पनखा पूरे 16 श्रृंगार के साथ सज धज कर और लक्ष्मण जी के पास पहुंचती है और उन्हें विवाह करने के लिए तरह-तरह के लालच देती है।





बोली कि हे लक्ष्मण तुम मुझे बहुत अच्छे लग रहे हो मैं तुमसे शादी करना चाहती हूं मेरे भाई लंका के राजा रावण है मैं तुमसे शादी करने के लिए पूरा परिवार छोड़कर यहां आई हूं परंतु लक्ष्मण जी सूर्पनखा से मना कर देते हैं और कहते हैं कि पहले तुम भैया राम के पास गई और वहां से यहां आई हो तुम तो माता के समान हो मैं कैसे शादी कर सकता हूं परंतु सूर्पनखा जिद पड़ जाती है।

अंत में जाकर लक्ष्मण जी को गुस्सा आ जाता है और वह सूर्पनखा के नाक कान काट लेते हैं, वैसे ही वह रोते चिल्लाते हुए अपने भाई खर दूषण के पास पहुंचती है और पूरा हाल-चाल बता देती है जब खर दूषण अपनी बहन शूर्पणखा के नाक कान कटे हुए देखता है और खून निकलता हुआ देखा तो वह गुस्से में आ जाता है और पूरी सेना को साथ लेकर राम लक्ष्मण से युद्ध करने के लिए पहुंचता है, जहां रन मैदान में भगवान श्री राम और खर दूषण के बीच घनघोर युद्ध होता है जो बहुत देर तक चलता है। परंतु भगवान श्री राम के आगे न तो खरदूषण की चलती और न ही उसके साथ आए किसी योद्धा की। एक-एक करके सभी राक्षस योद्धा मारे जाते हैं और अंत में जाकर भगवान राम ने मोहिनी यंत्र के माध्यम से खर दूषण को मार देते हैं।

### *रामलीला में आज सीताहरण प्रसंग की आकर्षक प्रस्तुति*

*श्री रामलीला मेला आयोजन समिति के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को रामलीला मैदान में स्थानीय कलाकारों द्वारा सीता हरण प्रसंग की लीला का मैदानी मंचन किया जाएगा।*